भारतीय फोटो जर्नलिस्टों ने पुलित्ज़र पुरस्कार जीता

drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-photojournalists-won-pulitzer-prize

प्रीलिम्स के लिये:

पुलित्ज़र पुरस्कार

मेन्स के लिये:

पुलित्ज़र पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में ‘कोलंबिया विश्वविद्यालय’ द्वारा वर्ष 2020 के पुलित्ज़र पुरस्कार (Pulitzer Prize) विजेताओं की घोषणा की गई।

मुख्य बिंदु:

- जम्मू और कश्मीर के ‘एसोसिएटेड प्रेस’ (Associated Press- AP) के तीन फ़ोटोग्राफ़रों को फीचर फोटोग्राफी (Feature Photography) श्रेणी में पुरस्कार विजेता घोषित किया। जबकि अनुश्री फड़नवीस (Anushree Fadnavis) और अदनान आबिदी (Adnan Abidi) ने ‘ब्रेकिंग न्यूज़ फोटोग्राफी’ श्रेणी में पुरस्कार जीता है।
- एसोसिएटेड प्रेस के फोटोग्राफर चन्नी आनंद (Channi Anand), मुख्तार खान (Mukhtar Khan) और डार यासीन (Dar Yasin) ने जम्मू और कश्मीर के विशेष राज्य का का दर्जा वापिस लिये जाने के बाद कश्मीर में होने वाले विरोध-प्रदर्शनों के बीच मीडिया कवरेज के लिये ‘फीचर फोटोग्राफी’ पुरस्कार जीता है।

पुलित्ज़र पुरस्कार (Pulitzer Prize):

- **पृष्ठभूमि:**
  - पुलित्ज़र पुरस्कार को पत्रकारिता के क्षेत्र में अमेरिका का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है।
  - इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1917 में की गई थी, जिसे कोलंबिया विश्वविद्यालय और 'पुलित्ज़र पुरस्कार बोर्ड' द्वारा प्रशासित किया जाता है।
    - 'पुलित्ज़र पुरस्कार बोर्ड' का निर्माण कोलंबिया विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त न्यायाधीशों द्वारा होता है।
  - यह पुरस्कार प्रसिद्ध समाचार पत्र प्रकाशक जोसेफ पुलित्ज़र के सम्मान में दिया जाता है। जोसेफ पुलित्ज़र ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में पत्रकारिता स्कूल को शुरू करने तथा पुरस्कार की शुरुआत करने के लिये अपनी वसीयत से पैसा दिया था।
- **पुरस्कार राशि:**
  - प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक प्रमाण पत्र और 15,000 डॉलर की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।
  - 'सार्वजनिक सेवा श्रेणी' में पुरस्कार विजेता को स्वर्ण पदक दिया जाता है।
- **पुरस्कार की श्रेणियाँ:**
  - यह पुरस्कार कुल 22 श्रेणियों में दिया जाता है। जिसमें पत्रकारिता की 15 श्रेणियों और पुस्तक, नाटक, संगीत आदि की 7 श्रेणियाँ शामिल है।

पुलित्ज़र पुरस्कार (Pulitzer Prizes):

पत्रकारिता में दिये गए अन्य पुरस्कार;

ब्रेकिंग न्यूज रिपोर्टिंग	कोरियर-जर्नल का स्टाफ
खोजी रिपोर्टिंग	न्यूयॉर्क टाइम्स के ब्रायन एम. रोसेन्थल
व्याख्यात्मक रिपोर्टिंग	वाशिंगटन पोस्ट के कर्मचारी
स्थानीय रिपोर्टिंग	बाल्टीमोर सन के कर्मचारी
नेशनल रिपोर्टिंग	सिएटल टाइम्स के कुछ पत्रकारों को
अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्टिंग	न्यूयॉर्क टाइम्स के कर्मचारी
फीचर लेखन	न्यूयॉर्क के बेन ताउब
समीक्षा	न्यूयॉर्क टाइम्स के निकोल हन्नाह-जोन्स
आलोचना	लॉस एंजिल्स टाइम्स के क्रिस्टोफर नाइट

संपादकीय लेखन	फिलिस्तीन के जेफरी गेरिट, हेराल्ड प्रेस
संपादकीय कार्टूनिंग	बैरी ब्लिट, द न्यू यॉर्कर
ऑडियो रिपोर्टिंग	लॉस एंजिल्स टाइम्स, अमेरिकी लाइफ तथा वाइस न्यूज के कुछ कर्मकारियों
सार्वजनिक सेवा	एंकरेज डेली न्यूज

स्रोत: द हिंदू